दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 127 मुरादाबाद, 27 August 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### चंद्रयान 3 का मूनलैंडर जहां पर उतरा उसे शिवशक्ति के नाम से जाना जाएगा, सीएम योगी ने कही ये बात



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नामकरण विश्व कल्याण के प्रति नए भारत के संकल्प को प्रकट करता है। वहीं, जहां पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिह्न छोड़े हैं, उस प्वाइंट को तिरंगा के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण करने वाले शिव के नाम में ही कल्याण की भावना अंतर्निहित है। जिस स्थान पर चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस बिंदु का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवशक्ति दिया है। ये नामकरण विश्व कल्याण के प्रति नए भारत के संकल्प को प्रकट करता है। मुख्यमंत्री योगी ने पीएम मोदी के इस फैसले का स्वागत किया है।मुख्यमंत्री योगी ने अगले ट्वीट में कहा कि चंद्रमा के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिह्न छोड़े हैं, उस प्वाइंट का तिरंगा नामकरण कर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विफलता से कभी भी न हारने का संदेश देश वासियों को दिया है। दृढ़ इच्छाशक्ति, जिजीविषा एवं सतत प्रयत्न का प्रतीक यह तिरंगा प्वाइंट भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंद्रयान 3 में शामिल रहे वैज्ञानिकों से मिलने के लिए शनिवार को बैंगलौर पहुंचे। जहां उन्होंने एलान किया कि चंद्रमा पर तिरंगा फहराने की अभूतपूर्व उपलब्धि की प्रेरणादायी स्मृति को देश वासियों के मन में सदैव जीवंत रखने हेतु अब हर वर्ष 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा।

# चंद्रयान मिशन के वैज्ञानिकों से मिले PM मोदी; बोले- जहां लैंडर उतरा, उस जगह का नाम शिव शक्ति होगा



पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के वैज्ञानिक जब देश को इतनी बड़ी सौगात देते हैं, इतनी बड़ी सिद्धी प्राप्त करते हैं तो यह दृश्य जो मुझे बंगलूरू में दिख रहा है, वही दृश्य मुझे ग्रीस में भी दिखा। जोहान्सबर्ग में भी दिखाई दिया। दो देशों की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह बंगलूरू पहुंचे। हवाईअड्डे के बाहर नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनता को संबोधित किया। संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने एक नया नारा दिया- 'जय विज्ञान-जय अनुसंधान'। पीएम मोदी ने बंगलूरू में रोड शो भी किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगलूरू में चंद्रयान-3 मिशन में शामिल इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और टीम के अन्य वैज्ञानिकों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने 23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग के लिए पूरी टीम को बधाई दी। मुलाकात इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में हुई। इसके बाद इसरो चीफ ने पीएम मोदी को मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि लैंडर और रोवर कैसे काम कर रहे हैं और आगे वे क्या-क्या करेंगे। पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को संबोधित भी किया। इस दौरान वे भावुक भी हुए। वे अपनी खुशी के आंसू रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा कि यह कोई छोटी सफलता नहीं है। हम वहां पहुंचे हैं, जहां कोई देश नहीं पहुंच पाया था। हमने वो किया, जो पहले कोई नहीं कर पाया था। ये आज का भारत है, निर्भीक भारत है। इस दौरान पीएम मोदी ने तीन बड़े एलान भी किए। उन्होंने बताया कि चंद्रमा पर जहां हमारा लैंडर उतरा है, अब उस पॉइंट को शिव शक्ति पॉइंट के नाम से जाना जाएगा। शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है। शक्ति से हमें उन संकल्प को पूरा करने का बल मिलता है। पीएम मोदी ने बताया कि चंद्रमा पर चंद्रयान-2 ने जो पद चिह्न छोड़े हैं, उस जगह को तिरंगा पॉइंट कहा जाएगा। पीएम मोदी ने एक और बड़ा एलान करते हुए बताया कि जिस दिन हमने चांद पर तिरंगा फहराया यानी 23 अगस्त को, पूरा देश नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाएगा।

### पीएम मोदी ने किया संबोधित

पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के वैज्ञानिक जब देश को इतनी बड़ी सौगात देते हैं, इतनी बड़ी सिद्धी प्राप्त करते हैं तो यह दृश्य जो मुझे बंगलूरू में दिख रहा है, वही दृश्य मुझे ग्रीस में भी दिखा। जोहान्सबर्ग में भी दिखाई दिया। दुनिया के हर कोने में न सिर्फ भारतीय बल्कि विज्ञान में विश्वास करने वाले, भविष्य को देखने वाले, मानवता को समर्पित सब लोग इतने ही उमंग और उत्साह से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग सुबह-सुबह इतने जल्दी यहां आए। छोटे-छोटे बच्चे, जो भारत के भविष्य हैं, वे भी इतने सुबह यहां आए हैं। लैंडिंग के वक्त मैं विदेश में था, लेकिन मैंने सोचा था कि भारत जाते ही सबसे पहले बंगलूरू जाउंगा। भारत जाते ही सबसे पहले मैं वैज्ञानिकों को नमन करूंगा। यह समय मेरे संबोधन का नहीं है, क्योंकि मेरा मन वैज्ञानिकों के पास पहुंचने के लिए बहुत उत्सुक है। पीएम मोदी ने किया ट्वीट- वैज्ञानिकों से मुलाकात से पहले पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि वह आसाधरण इसरो वैज्ञानिकों के साथ बात करने के लिए उत्सुक हैं। वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 की सफलता से भारत को गौरवान्वित किया है। पीएम ने ट्वीट में आगे कहा कि उनका समर्पण और जुनून असल में अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि के लिए प्रेरक शक्ति है। आज अलग तरह की खुशी महसूस कर रहा हूं बंगलुरू में इसरो के टेलेमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्पलेक्स में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कई बार ऐसा होता है जब बेसब्री हो जाती है, मेरे साथ भी इस बार ऐसा ही हुआ। मैं दक्षिण अफ्रीका में था और फिर ग्रीस जाना हुआ लेकिन मेरा मन आपके साथ था। मैं जल्द से जल्द आप लोगों से मिलना चाहता था और आपको सैल्यूट करना चाहता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं अलग तरह की खुशी महसूस कर रहा हूं। ऐसे पल दुर्लभ होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की महिला वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। ये महिला वैज्ञानिक चंद्रयान -3 मिशन का हिस्सा थीं। पीएम मोदी ने साफ्ट लैंडिंग के सफल मिशन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। दरअसल, भारत बुधवार शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडर स्थापित करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया था। इसरो के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि महिला वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चांद पर लैंडर के लैंड करने की जगह शिव शक्ति पॉइंट आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान को गंभीरता से लेने और लोगों के कल्याण के लिए इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। लोगों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। ऐतिहासिक लैंडिंग पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर ले गए। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह मिशन हमारे अंतरिक्ष अनुसंधान और कार्यक्रम की शक्ति को दर्शाता है। अब भारत चंद्रमा पर है। हमने अपने राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगे को भी चंद्रमा पर स्थापित कर दिया है। इसरो वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए उन्होंने आगे कहा कि आप हमें वहां ले गए, जहां पहले कोई नहीं गया था। यह आज का भारत है। यह एक निर्भय भारत है। यह नए विचारों से भरा भारत है। हमारी सोच बदल गई है। भारत है। ऐसा भारत जो चंद्रमा के अंधकार में डूबे हुए हिस्से से भी दुनिया को आशा दे रहा है।

# मैनपुरी में डिंपल यादव बोलीं- गठबंधन के नाम 'इंडिया' से ही डर गई भाजपा, लोकतंत्र में नहीं है विश्वास



सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखती है। आलम तो ये है कि भाजपा अब विपक्षी दलों के गठबंधन के नाम इंडिया से ही डर गई है।मैनपुरी में सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। भाजपा सरकार को न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है। न्यायालयों के आदेशों के खिलाफ सरकार काम कर रही है। चुनाव के समय लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए हैं। महिला अपराधों के प्रति सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। शुक्रवार को सांसद आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रही थीं। सांसद ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन के नाम इंडिया से ही भाजपा पूरी तरह डर गई है। गठबंधन के नाम को लेकर टिप्पणियां की जा रही हैं। गठबंधन का हर दल बहुत मजबूत है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सरकार से जाना पूरी तरह तय है। डबल इंजन की सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिला अपराधों के आरोपी छोड़े जा रहे हैं। महिला अपराध को भाजपा सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कई बड़े-बड़े घोटाले किए गए हैं। कैग की रिपोर्ट में धीरे-धीरे खुलासे भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने और फूट डालने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि हर जगह खाली जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं। मैनपुरी में हर तीसरी शिकायत जमीन पर कब्जे की ही हो रही है। अधिकारी सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। सरकार की नीतियां सही नहीं हैं। कब्जा करने वालों को सरकार का संरक्षण मिलता है। संवेदनहीन सरकार वोट पाने के लिए कुछ भी कर सकती है। सांसद ने कहा कि भाजपा जुमलेबाज पार्टी है। समाज के किसी वर्ग की समस्याओं का समाधान भाजपा सरकार नहीं करती है। भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों का हित देखती है। महिला, किसान, युवा की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सपा की नीतियां समाज के कमजोर वर्ग के लिए थीं जबकि भाजपा की नीतियां पूंजीपतियों के लिए हैं।सांसद ने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद भाजपा का सरकार से जाना पूरी तरह तय है। लोग भाजपा की हकीकत जान चुके हैं। देश में भाजपा विरोधी माहौल बन चुका है। 2024 के चुनाव में मतदाता भाजपा को सबक सिखाएंगे। जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य, रामनरायन बाथम, विधायक ब्रजेश कठेरिया, पूर्व विधायक राजू यादव, एएच हाशमी, सफी मंसूरी, ज्योती मैसी, अमृता गुप्ता, नेहा चौहान, वोटसिंह यादव मौजूद रहे।

# खरगे ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- मुजफ्फरनगर थप्पड़ कांड के पीछे BJP की नफरत की राजनीति



खरगे ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, यूपी के एक स्कूल में जिस तरह एक अध्यापिका ने धार्मिक भेदभाव कर एक बच्चे को दूसरे बच्चों से पिटवाया है, वो भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का विचलित कर देने वाला परिणाम है। ऐसी घटनाएं हमारी वैश्विक छवि पर कालिख पोत देती हैं। यह संविधान के खिलाफ है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के एक स्कूल में एक बच्चे की पिटाई पार्टी की नफरत भरी राजनीति का नतीजा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की छवि को खराब करती हैं। उन्होंने कहा कि वह दोषियों को सख्त सजा देने की मांग करते हैं ताकि कोई भी इसे दोहराने की हिम्मत न कर सके। मुजफ्फरनगर में एक स्कूल शिक्षिका द्वारा अपने छात्रों से एक मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने और उसके समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी कई राजनीतिक दलों ने कड़ी निंदा की है। खरगे ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, यूपी के एक स्कूल में जिस तरह एक अध्यापिका ने धार्मिक भेदभाव कर एक बच्चे को दूसरे बच्चों से पिटवाया है, वो भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का विचलित कर देने वाला परिणाम है। जवान ने धर्म के नाम पर चार लोगों को गोली मार दी थी। उन्होंने ट्वीट में आगे कहा, समाज में सत्ताधारी पार्टी की विभाजनकारी सोच का जहर इतना घुल गया है कि एक तरफ एक शिक्षा देने वाली अध्यापिका, तृप्ता त्यागी बचपन से ही मजहबी विद्वेष का पाठ पढ़ा रही है तो दूसरी तरफ सुरक्षा देने वाला आरपीएफ जवान, चेतन कुमार धर्म के नाम पर निर्दोषों की जान लेने पर उतारू हो जाता है। शुक्रवार को ऑनलाइन सामने आए वीडियो में शिक्षिका, जिनकी पहचान तृप्ति त्यागी के रूप में हुई है, खुब्बापुर गांव के एक निजी स्कूल के कक्षा दो के छात्रों से बच्चे को मारने के लिए कहती दिख रही है।मुजफ्फरनगर पुलिस ने शनिवार को त्यागी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, लेकिन अभी तक आरोपों का खुलासा नहीं किया गया है।

## संपादकीय Editorial

### India vs China in BRICS

The summit of BRICS countries was held in Johannesburg, the capital of South Africa, in which a unanimous decision was taken for its expansion and on the sidelines of the summit, Prime Minister Modi of India and President Xi Jinping of China had light, informal talks. The Modi-Xi handshake and communication on the Line of Actual Control (LAC) is diplomatically important. Thousands of soldiers of both the countries are deployed along the border of eastern Ladakh for a long time. Will definitely be in a state of tension and confrontation! The 19th round of talks are going on at the military level. In such a situation, if the top leadership of India-China talks about respect for LAC and indicates the idea of withdrawal of forces, then undoubtedly the tension can be reduced, but it has not been implemented on the ground. China is a very devious and cunning country. He repeatedly talks about the status quo of the forces. He also does a symbolic exercise of retreating the forces, but the military fronts are decorated and fortified from both sides. China's expansionist plans have been working. There have also been allegations of encroachment and occupation of India's land, but both the countries have been doing construction work. Actually why the knots of India and China do not open? China had occupied about 40,000 square kilometers of India's land after the 1962 war. Why doesn't China discuss it? When will all border disputes end? On what basis has China been considering our Arunachal Pradesh as its territory? Why have there been incidents of hand-to-hand combat and even killing of soldiers in different areas? Prime Minister Modi and President Xi Jinping have now met on the platform of BRICS, so they may also meet during the summit of G-20 countries in New Delhi on 9-10 September. Some contradictions and versus positions have also appeared in BRICS. China and Russia were in favor of expansion of BRICS, but India, Brazil, South Africa wanted to churn for the time being. 22 countries of the world had applied for the membership of BRICS, but ultimately only 6 countries-Argentina, Iran, Egypt, Saudi Arabia, United Arab Emirates and Ethiopia-have been decided to be a part of BRICS. They will be a member of BRICS from January 1, 2024. China could not succeed in making Pakistan a member of BRICS. All the countries know its plans that how China had saved Pakistani terrorists by misusing the 'veto' in the Security Council. Discussions also continued that BRICS countries should have a common currency, but the joint statement revealed that BRICS countries would be able to trade with member countries in their own national currency. In fact, BRICS has become such a global platform, which is being discussed parallel to the group of G-7 countries, but if the disputes and tensions between powerful countries like India and China continue, then the unity of BRICS will also be questioned. Very aggressive and baseless politics has also been taking place in India regarding China's encroachments and occupations. The top leaders of both the countries meet and hold talks, but still China has been termed as India's 'enemy country'. It is a question of China's intention and policy. Disputes are not eternal, possession is. On the one hand, BRICS member countries want to make it a global platform for developing countries, where they can address their economic concerns and other concerns in view of the Corona epidemic and the Russia-Ukraine war, on the other hand, there is the situation and equation of India vs China, Then how will BRICS be able to change the world order? Actually India is a democracy and China is a dictatorship, so there is a fundamental difference in thinking and execution of decisions. However, Modi-Xi should keep shaking hands, maintain courtesy, but also seriously consider bilateral

## Jungle and Animal World: Squirrels Made Me So

Observing wildlife through the lens is an activity that one can never get bored of. Each picture is unique and a story in itself. It's like telling a whole story in one frame. When you hear the name Karnataka, the first things that come to your mind are the mighty Jog Falls, the magnificent Mysore Palace or the awe-inspiring Vittala and Virupaksha Temples at Hampi. However, it is not only the tourist attractions that Karnataka has to offer but also its amazing wildlife. And I've had the privilege of spending a long time in this beautiful state, and I've drawn inspiration from every gem in this treasure trove. Even my journey into wildlife photography began at a photography competition held at my university in Kalaburagi, where I took a picture of a docile Indian squirrel that climbed onto my hand to eat peas. This behavior impressed me so much that I started thinking how wonderful it is to see animals in their natural form. Since then I have never looked back. Importance of lens- Observing wildlife through lens is such an activity that no one can ever get bored of. Each picture is unique and a story in itself. It's like telling a whole story in one frame. Some field experiences are so unforgettable that they become etched in your memory for a lifetime. I remember one of them when I went to Sanjay Van in New Delhi for bird counting. While looking at the different birds, suddenly my attention was drawn towards a noise. Saw two mynas on the stem of an old peepal tree chasing a parrot which was hiding in a hole in the stem. Myna very aggressively tried to get the parrot out of the hole, but failed. Where was the parrot also about to lay down its weapons, so he also fought with Maina. It was an interesting wrestling match between two opponents, in which Kalaiya, Gulatiyan and acrobatics were also seen. The entire episode lasted for about 10 minutes, after which Tota emerged victorious. My guess on this behavior is that since both birds are cave-dwellers, they claimed the hole for refuge, and the parrot myna prevailed. Wildlife photography provides an opportunity to witness such a rare ecological interaction between two species. However, in addition to these invaluable experiences, wildlife photography has its challenges. We are all too familiar with the phrase "lights, camera and action". But for me as a photographer, these three words are my main problems because they are capable of spoiling any image. Light is the most important thing when it comes to photography. Shutter speed and ISO can be adjusted to control the light to some extent, but they can't be a panacea for poor lighting. Camera is essential—the camera is the second most important thing. A good camera with advanced zoom capabilities is a good investment in this area. Larger animals can be captured using a basic DSLR, but smaller animals like birds or insects require a professional camera. Furthermore, most wildlife photographs are taken in motion. For this, it is good to have optical image stabilization (OIS) in the camera. And finally, action. By action, I mean the speed with which we click. Moments in wildlife are ephemeral. It is difficult to capture them at the right time. Therefore, the photographer has to be very quick in setting up the camera and taking shots, which is possible only with extra practice. Keeping these things in mind, the distortions in the picture can be removed. Wildlife photography is a mix of skill and passion. So, on this International Nature Photography Day, I congratulate all wildlife photography professionals and enthusiasts who have revealed the secrets of wildlife to the world, and also the squirrel who gave me an opportunity to enter his world.

## Pragyanananda: Wow master wow

India's Pragyan (rover) is traveling on the moon and new pictures of the moon are coming continuously. India's Pragyan (rover) is traveling on the moon and new pictures of the moon are coming continuously. India has made a splash in space and on the other hand, India's youngest Pragyanananda has made a splash by becoming the runner-up of the Chess World Cup at the youngest age. Though Praggnanandhaa could not beat world number one Carlsen, he made him sweat. Praggnanandhaa got defeated in the tie-breaker itself. Today everyone is saying wow Ustad wow. First of all, reaching the final of the Chess World Cup for 18-year-old Praggnanananda is a huge achievement. It is said that behind every successful man there is a woman. His mother and sister have a big hand behind the success of Pragyanananda. All the emphasis of mother Nagalakshmi and sister Vaishali was on making Pragyanananda the world grand master. Sister Vaishali had taught him to play chess to get rid of his cartoon addiction. Now Pragyanananda is considered to be the future of Indian chess. Pragyanananda's mother made him the king of the chess world at the age of playing and jumping. To fulfill mother's dreams, he also became Chanakya of this game of 64 pieces. Nagalakshmi accompanies her son in every match. She prays by sitting at a corner in every match of her son. Then whether it is a match of international level or national level, she just sits and prays. In an old interview, Nagalakshmi says that Pragyanananda's playing akhadas are so quiet that I am always afraid that people might hear my heartbeats. I don't make eye contact with my son during any game because she doesn't want her son to know how she feels. Nagalakshmi, however, knows when her son is troubled and when he is confident. The performances of many young players in the Chess World Cup indicate that they have the potential to defeat the best in the world. Pragyanananda's success story also gives a message that if the family wants, they can make children talented by understanding them better. Small children are like clay and parents have to create them like a potter. Organized in the style of Wimbledon, the prestigious Grand Slam tournament of lawn tennis, four Indians managed to make it to the last eight players in this World Cup. Praggnanandha defeated another Indian Arjun Erigey in a fierce match in the round of last eight. Another Indian, Dommaraju, lost to Gukesh Carlsen and Vidit Gujrati defeated the world number five before being ousted. This performance did not happen by accident. India has created a whole system for the game of chess under which champion players are identified and groomed. A combination of many factors is responsible behind this. For example, India has a large number of regular chess players and their numbers are increasing. There are many chess tournaments at the local level that give them a chance to hone their skills. It has also helped that the digital footprint of the game has been very powerful. When online games started during the Corona epidemic, the youth played the game of chess sitting at home through smart phones. During the lockdown, players from small towns also played with expert chess players and got a lot of experience. India also has good chess coaches. If these talents get good coaching, they can make India proud. Like other sports federations, the All India Chess Federation has also been embroiled in legal issues. The sad part is that the Wrestling Federation of India has been suspended by the UWW and Indian wrestlers will not be able to play under the tricolor. It is necessary to create proper environment for sports and respect Indian intelligence. Hats off to the success of the little masters at the moment!

## Congress preparing to remove thorn from thorn, making a dent by giving membership to opposition leaders

CG Election 2023 This strategy has been adopted to corner Dr. Narottam Mishra, the strong minister of Shivraj government. First Awadhesh Nayak and now Raju Dangi were given Congress membership. Similarly, many leaders including Yadvendra Singh Yadav, Baijnath Yadav, Ajay Pal Singh, Jitendra Jain from Ashoknagar, Shivpuri, Guna, Morena, Neemuch districts have joined hands with the Congress for the siege of BJP and Scindia in the Gwalior-Chambal region. Wants to leave no shortage for. The party has adopted the strategy of removing thorn from thorn. Earlier, former minister Deepak Joshi, son of former Chief Minister late Kailash Joshi, who was called the saint of politics in the state, was included in the Congress. Then BJP leaders from Datia, Awadhesh Nayak, Raju Dangi and Surkhi's Rajkumar Singh Dhanaura, Neeraj Sharma were given membership. Jitendra Jain, former President of Shivpuri Zilla Panchayat, Raghunandan Sharma, national convenor of Bajrang Sena have also joined the Congress. All these are being used to make a dent in the BJP organization and by the time the elections come, many more big leaders can be seen on the Congress platform. BJP has declared its candidate, Congress is also keeping an eye on him. Congress can also give tickets to some such selected people from their own seats. Ever since Jyotiraditya Scindia and his supporting MLA-workers joined the BJP, the core cadre of the party is apprehensive about its future. Due to this, the displeasure of the workers and leaders has also been coming to the fore. BJP has also had to bear its loss in the urban body elections. To stop the voice of discontent, the party has fielded senior leaders, but the order of BJP leaders taking Congress membership is going on. Congress has done this in the last election – Congress does not want to leave any stone unturned to capitalize on this opportunity because the party leaders know that BJP's strength is its workers. They are neglected at this time. By taking them along, not only can a dent be made in the BJP, but its position can also be strengthened. It is possible that some of the leaders who are being given Congress membership may also be declared as candidates. Congress has done this in the last election in Rahli assembly constituency of Sagar district. There Kamlesh Sahu of BJP was made the candidate of Congress. He also got the support of the disgruntled faction of the BJP itself, but he was defeated by Gopal Bhargava. Many leaders have joined hands with the Congress – former minister Deepak Joshi is working for the Congress to pacify the dissidents of the BJP. Due to his efforts, Raghunandan Sharma, the national convenor of Bajrang Sena, along with his supporters joined the Congress and his team is now working for the Congress in the state. The same strategy has been adopted to surround Dr. Narottam Mishra, the strong minister of the Shivraj government. First Awadhesh Nayak and now Raju Dangi were given Congress membership. Similarly, for the siege of BJP and Scindia in Gwalior-Chambal region, many Congress leaders including Yadvendra Singh Yadav, Baijnath Yadav, Ajay Pal Singh Yadav, Samandar Patel, Raghuraj Singh Dhakad, Jitendra Jain from Ashoknagar, Shivpuri, Guna, Morena, Neemuch districts Have held the hand of Big leaders on Congress platform- Congress is eyeing former minister Dr. Gaurishankar Shejwar and his son Mudit Shejwar. Shejwar has been representing Sanchi assembly and lost the last election to Dr Prabhuram Chowdhary. Dr. Chowdhary joined BJP along with Scindia. The party made him contest the by-elections and today he is a minister in the Shivraj government. He has also started preparing for the elections. Similarly, from Damoh, former minister Jayant Malaiya lost the election to Congress's Rahul Lodhi. The BJP made Rahul contest the by-elections but he lost. The party considered factionalism as the reason and expelled his son Siddhartha along with giving notice to Jayant Malaiya. Siddharth has returned to the party and Jayant Malaiya is heading the manifesto committee.

## सिलेंडर ब्लास्ट से मकान क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचा परिवार




मुरादाबाद-सिलेंडर में हुए ब्लास्ट से मकान क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि महिला गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे की वजह सिलेंडर से गैस की लीकेज बताई जा रही है। झुलसी महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा भोजपुर थाना क्षेत्र में ठीकरी गांव का है। यहां रहने वाले सद्दाम हुसैन ने बताया कि सुबह करीब 9.30 बजे उनकी पत्नी नसरीन रसोई में चाय बनाने गई थीं। जैसे ही नसरीन ने गैस चालू करने के बाद लाइटर जलाया, तुरंत सिलेंडर में लगे पाइप में आग लग गई। तेज लपट नसरीन के चेहरे तक आ गई और वह झुलस गईं। कुछ ही पल में तेज धमाके के साथ सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ। किचन में महिला ने जैसे ही लाइटर जलाया, ब्लास्ट के साथ फटा सिलेंडर, पहले से लीक हो रही थी गैस धमाका इतना तेज था कि रसोई की दीवार और मकान का कुछ हिस्सा इसमें क्षतिग्रस्त हो गया। दीवार गिरने से उसकी चपेट में आए सद्दाम, उनका तीन साल का बेटा शहजाद अली, बहन तारेमीन और मां अनीसा घायल हो गए। आसपास के मकानों में भी कंपन महसूस हुआ। धमाके की आवाज सुनकर लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को कॉल की गई। हादसे में गंभीर रूप से झुलसी नसरीन और परिवार के बाकी लोगों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। सद्दाम ने बताया कि गांव-गाव फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करते हैं।

उन्होंने बताया कि धमाका इतना तेज था कि पूरे गांव में उसकी आवाज गई। थोड़ी देर में ही लोग दौड़कर उनक घर आ गए थे। आसपास के लोगों ने बताया कि धमाके के दौरान उन लोगों के भी घर की दीवारों घमक काफी तेज सुनाई दी। सद्दाम ने बताया कि गैस कैसे लीक हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं हो पाई है। हो सकता है कि चूहे ने गैस पाइप को काट दिया हो। हादसे की सूचना पर पुलिस भी कुछ देर में मौके पर पहुंच गई थी। फायर ब्रिगेड को भी इसकी जानकारी दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सद्दाम ने बताया कि नसरीन के अलावा बाकी सभी घायलों को गुम चोटें आई हैं।

## पत्नी की हत्या की बात गांव वालों को बताता रहा सोमवीर, लोग मजाक समझकर टालते रहे, लाश देखी तो उड़े होश

मुरादाबाद-मिलक पीपलसाना गांव में सोमवारी ने पत्नी की हत्या कर दी। उसका शव खेत में छोड़ दिया। हत्या की बात जब उसने ग्रामीणों को बताई तो उन्होंने इसे मजाक समझा। आरोपी इसके बाद पुलिस चौकी चले गया। जब वहां ये बात बताई तो कर्मचारी हैरान रह गए। खेत में पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद सोमवीर तीन घंटे तक गांव में घूमता रहा। उसने कई लोगों को बताया कि उसने अपनी पत्नी को मार दिया है, लेकिन उसकी बात पर किसी ने विश्वास नहीं किया। उसने जहर खाने का नाटक किया और उल्टियां करने लगा। कुछ देर बाद पुलिस गांव पहुंच गई। इसके बाद ही लोगों को विश्वास हुआ कि सोमवीर ने पत्नी की हत्या की है। सोमवीर ने बारहवीं तक पढ़ाई की है। इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी और पुताई का काम करने लगा था। खेती बाड़ी का काम करना होता था तो वह पुताई का काम छोड़ देता था। शुक्रवार सुबह भी वह पत्नी हो लेकर घर गया था। दोपहर करीब 12 बजे उसने हत्या कर दी थी। इसके बाद वह गांव आया। सड़क पर ही उसे गांव के कई लोग मिले। उसने बताया कि आज उसने अपनी पत्नी को मार दिया है। लेकिन उसकी बातों पर किसी ने विश्वास नहीं किया। तीन घंटे तक वह गांव में ही घूमता रहा। इसके बाद घर पहुंचा। उसने शराब पी। इसके बाद कीटनाशक दवा निकाली और उसने दवा पीने का भी नाटक किया। वह उल्टियां करते हुए घर से बाहर निकला। गांव से बाहर निकलकर सड़क पर आ गया। गांव में उसकी बातों पर किसी ने विश्वास नहीं किया तो गांव से करीब दो किलोमीटर दूर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस कर्मियों को पूरी कहानी बताई तो उनके होश उड़ गए।



### एक साल पहले भी की थी पत्नी की पिटाई

सोमवीर ने एक साल पहले भी पत्नी को मारने का प्रयास किया था। कमरे में दवा बंद कर उसकी डंडे से पिटाई की थी। तब पूछताछ करने पर उसने पिटाई करने का कारण किसी को नहीं बताया था। इसकी जानकारी मिलने पर मायके वाले आए और पिंकी को लेकर चले गए थे। 15 दिन तक पिंकी अपने बच्चों को लेकर मायके में रही थी। बाद में सोमवीर पत्नी के मायके गया और उसने विश्वास दिलाया था कि अब वह उसके साथ मारपीट नहीं करेगा।

### गर्मी में बेहोश होने का किया था नाटक

जंगल से पिंकी की लाश लेकर अस्पताल ले गए थे लेकिन डॉक्टर ने जवाब दे दिया था। पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में ही परिजन शव घर ले गए थे और बोले थे कि गर्मी की वजह से पिंकी बेहोश हो गई है। उन्होंने हत्या की घटना पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। उधर, हत्यारोपी पति अपना गुनाह कबूल कर चुका था। इसके बाद सोमवीर के परिवार के सभी लोग भाग गए।

### पिंकी ने जान बचाने को किया संघष

पिंकी ने जान बचाने का संघर्ष किया था। खेत में जहां पिंकी की लाश मिली है। वहां दूर तक धान बिछा पड़ा है। इसके अलावा खून के छींटें भी दूर तक हैं। फोरेंसिक टीम ने वीडियो और फोटोग्राफी करने के साथ ही नमूने भी लिए हैं।

### घरेलू कलह में अनाथ हो गए तीन बच्चे

पिंकी और सोमवीर के दो बेटे राही, राज और एक बेटी वैष्णवी है। घरेलू कलह में बच्चे अनाथ हो गए। मां की हत्या हो चुकी है। पिता पुलिस गिरफ्त में है। शनिवार को पुलिस सोमवीर को भी जेल भेज दिया है।

## सुरजन नगर में यूट्यूबर की हत्या के बाद सनसनी, पुलिस ने ताराबाद के जंगल से बरामद की लाश



मुरादाबाद-मुरादाबाद में यूट्यूबर के गायब होने के बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच लोगों को जंगल में लाश पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुरादाबाद के सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम टांडा अफजल निवासी यू ट्यूबर जितेंद्र कुमार की हत्या कर लाश जंगल में फेंक दी गई।

परिजनों ने उसकी हत्या का आरोपी उसके एक दोस्त पर लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में ले लिया है। हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शनिवार को यूट्यूबर के गायब होने की बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच गांव वालों को पता चला की जितेंद्र की लाश जंगल में पड़ी है। वह परिजनों के साथ पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हत्या की जानकारी के बाद पुलिस अफसर घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने दोस्त पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी के आदेश दिए।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## मौसम में बदलाव से बढ़ रहे डेंगू के मरीज, अब तक 33 में पुष्टि

मुरादाबाद-महानगर के अति जोखिम क्षेत्र में न फागिंग, न एंटी लार्वा का छिड़काव, बीजना गांव में मिल चुके हैं 23 डेंगू के मरीज, स्वास्थ्यकर्मी का चल रहा इलाज जिले में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। अब तक 33 रोगियों की जांच में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। इसमें जिला अस्पताल का एक कर्मचारी भी शामिल है। जिसका अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में इलाज चल रहा है। डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या के बाद भी महानगर के अति जोखिम क्षेत्र (हाईरिस्क एरिया) में न फागिंग हुई है और न एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। इससे रोगियों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी है। हर साल डेंगू मरीजों की संख्या और इससे हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य और अन्य विभाग संवेदनशील नहीं हैं। डेंगू मलेरिया को लेकर न तो जागरूकता के उपाय किए गए और न ही मच्छरों पर अंकुश के लिए प्रभावित क्षेत्रों में फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की बात दूर है नगर निगम क्षेत्र के अति जोखिम क्षेत्र नवाबपुरा,



जामा मस्जिद, फकीरपुरा, बंगला गांव, कटघर, आशियाना, रामगंगा विहार आदि मोहल्लों में न तो मच्छरों से बचने के लिए फागिंग नगर निगम की ओर से कराई जा रही है और न स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंटी लार्वा का छिड़काव ही प्रभावी रूप से अब तक हुआ। कागजी कार्यवाही दिखाकर चिकित्साधिकारी अपनी ड्यूटी बजा रहे हैं। पिछले महीने संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी महानगर की कॉलोनियों में आशा कर्मी घर-घर नहीं पहुंची। जिसका असर यह है कि वायरल बुखार, डायरिया, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ गई। अब बुखार और डेंगू के रोगी हर दिन सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। पैथॉलाजी में जांच के लिए मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। जिला अस्पताल में हर दिन 200 से अधिक बुखार के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। जिनकी रक्त जांच कराने का परामर्श चिकित्सक दे रहे हैं। अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि इन दिनों बुखार के मरीजों की संख्या ओपीडी और वार्ड में अधिक है। बीजना गांव में 23 डेंगू के मरीजों के साथ ही अब तक कुल 33 मरीजों की एलाइजा जांच में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। लेकिन, इसके बाद भी अभी न तो स्वास्थ्य विभाग और न नगर निगम और न निकायों के अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता दिखा रहे हैं।

### डेंगू से बचाव को यह बरतें सावधानी

जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव का कहना है कि डेंगू से बचाव के लिए अपने आसपास पानी न जमा होने दें। फ्रिज की आइस ट्रे को खाली रखें, कूलर का पानी नियमित बदलें, छतों पर गमले, पुराने टायर और खाली बर्तन आदि को हटा दें जिससे बारिश का पानी न जमा होने पाए। एडीज मच्छर के लार्वा साफ पानी में पनपते हैं। उप मुख्य चिकित्साधिकारी और वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल का कहना है कि नगर निगम क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार फागिंग कराई जा रही है। जहां शिकायत मिल रही है वहां टीम भेजकर इसकी निगरानी भी करा रहे हैं। मलेरिया निरीक्षकों और फील्ड कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। नगर निगम के सफाई निरीक्षकों को भी अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने को कहा है।

### डेंगू के लक्षण

जिला मलेरिया अधिकारी का कहना है कि डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर पर लाल चकत्ते और मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द शामिल है। गंभीर स्थिति में रक्तस्त्राव और सदमे की स्थिति हो सकती है। आंखों के पिछले हिस्से, जोड़, पीठ, पेट, मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द अधिक होता है। ठंड लगना, थकान, बुखार और भूख न लगना, उल्टी आने की भी स्थिति होती है।

## औरनी रामनगर की 39.5 हैक्टेयर भूमि पर औद्योगिक आस्थाना बनाये जाने के निर्णय के विरोध में हुई महापंचायत

क्यूँ न लिखूँ सच
योगेश मुदगल

निधौलीकंला -भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वावधान में हुई महापंचायत शनिवार को निधौलीकंला विकासखंड क्षेत्र के औरनी रामनगर में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान औरनी रामनगर स्थित ग्रामसभा की भूमि पर सरकार द्वारा औद्योगिक आस्थाना स्थापित कराये जाने के निर्णय के विरोध समैत अन्य क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने जमकर हुंकार भरी। उन्होने जिला प्रशासन को चेतावनी दी, कि मांगे नहीं मानी गईं, तो आंदोलन किया जायेगा। बाद में एसडीएम को डीएम के नाम मांगपत्र सौंपा गया। मारहरा- पीएसी मार्ग के गांव औरनी रामनगर स्थित मैदान में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वावधान में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान भाकियू के जिला महासचिव जयवीरसिंह ने बताया कि, औरनी रामनगर ग्राम पंचायत प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से ग्रामसभा की 39.5 हैक्टेयर भूमि पर औद्योगिक आस्थाना स्थापित किये जाने का प्रस्ताव किसानों को डरा धमका कर गलत तरीके से पारित करा लिया गया है। जबकि इस भूमि पर सैकड़ों किसानों के मकान भी बने हैं और सैकड़ों किसान खेती भी कर रहे हैं। अब जिला प्रशासन द्वारा किसानों को भूमि खाली करने के लिए नोटिस दिये जा रहे हैं। उन्होने कहा, कि अगर यह भूमि किसानों से छीनी गई, तो वह बेघर हो जायेंगे। महापंचायत में कई किसानों ने शिकायत की कि, विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र के कई किसानों को बिजली के बिल थमाये जा रहे हैं। जबकि उनके घरों तक अभी बिजली पहुंची ही नहीं है। इसके अलावा ट्यूबैल आदि का लोड बढाने के नाम पर भी किसानों को परेशान किया जा रहा है। वहीं बंजर भूमि पर सितम्बर 2012 से पूर्व बने मकानों को भी धारा 67ए के अंतर्गत किसान द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत करने पर उन्हे नियमित करने का प्रावधान है। लेकिन भूमाफियाओं को सरकारी भूमि पर कब्जा हरगिज नहीं करने दिया जायेगा। वहीं विद्युत विभाग की शिकायतों के लिए मौके पर मौजूद एसडीओ आनंद शर्मा को जल्द निस्तारण के निर्देश भी एसडीएम ने दिये। इस मौके पर भाकियू के राष्ट्रीय ओमपाल बालियान, मारहरा के पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू, प्रदेश उपाध्यक्ष मलिखानसिंह, प्रदेश प्रवक्ता गजेन्द्र परिहार, विमल तोमर, जयवीरसिंह यादव, ओमप्रकाश, रामभरोसे राजपूत, उम्मेद अली, रामेश्वरसिंह, महीपालसिंह पथरिया, सत्यदेव पाठक, रधुराजसिंह, भंवरसिंह, राजेन्द्रसिंह, अवधेश यादव, रामौतार यादव आदि समैत सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।




वहीं सुरक्षा की दृष्टि से सीओ सदर सुनील कुमार त्यागी, एसडीएम डा0 प्रतीक त्रिपाठी, नायब तहसीलदार साश्वत अग्रवाल, मारहरा एसओ सत्यपालसिंह, निधौली इंस्पैक्टर अवधेश कुमार, एलआईयू प्रभारी अजय त्रिपाठी, कौशलकिशोर शर्मा एंव दीपक कुमार के अलावा भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# रक्षाबंधन की तैयारियां जोरों पर, गुलजार हो गए बाजार



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-रक्षाबंधन से चार दिन पहले शहर के मुख्य बाजार खरीदारों से गुलजार बने रहे। बाजारों में सर्वाधिक खरीदारी देहात क्षेत्र के लोगों की बनी रहीं।

ग्राहकों की सर्वाधिक भीड़, किराना, वस्त्रत्त्, फुटवियर एवं मिष्ठान की दुकानों पर बनी रहीं। शहर के मुख्य बाजार घंटाघर, किराना बाजार, बांस मंडी, बूरामंडी और हाथी गेट बाजार में सर्वाधिक खाद्य पदार्थों की खरीदारी करने को लेकर देहात क्षेत्र के लोगों की भीड़ बनी रही। लोगों ने रक्षाबंधन त्योहार के लिए सामान की खरीदारी की। लोगों ने घेवर, फैनी की सर्वाधिक खरीदारी की गई।

बाबूगंज बाजार में महिलाओं एवं युवतियों ने फैंसी सांड़ी, लांचा, कुर्ती आदि परिधानों के अलावा कॉस्मेटिक सामान की खरीदारी की। फैंसी राखियों से सजी दुकानों पर भी काफी भीड़ दिखाई दी। सबसे ज्यादा आकर्षक डिजाइन वाली राखियों की खरीदारी हुई। बाबूगंज बाजार स्थित ज्वैलरी शोरूमों पर महिलाओं ने चांदी के बिछुए, पायल और भाईयों के लिए चांदी की राखियां भी खरीदी। गांधी मार्केट में फुटवियर शोरुमों और दुकानों पर खरीदारी हुई। वहीं गांधी मार्केट के साड़ी शोरूमों पर महिलाओं ने मनपसंद साड़ियों की खरीद की। शहर के मॉल और कपड़ों के ब्रांडेड शोरूम पर भी अच्छी खासी भीड़ नजर आई। शॉपिंग कॉम्पेक्श संचालक आकर्षक ऑफर भी दे रहे हैं।

# दुष्कर्म के बाद की गई हत्या पर छात्रा पीडित परिवार को मदद दिलाने के सम्बन्ध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघठन एटा ने दिया ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा


एटा-भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघठन के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे कहा है की माननीय महोदय अपका ध्यान जनपद एटा के थाना व तहसील अलीगंज के ग्राम झकरई निवासी मुरारी लाल कश्यम की 13 वर्षीय कक्षा 7 की छात्रा कुमारी निशा की घर से स्कूल जाने के बाद अभियुक्ततो द्वारा उसके साथ हैवानियत करते हुए बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर मक्का के खेत में उसकी लाश को डाल दिया जिस कारन गाँव की महिलाओं ने 2-3 बार जाम मंगलवार दिनांक 22.08. 2023 को लगाया और जाम स्थल पर जिला अधिकारी व एस0एस0पी महोदय आदि ने पहुंचकर महिलाओं को 24 घण्टे में अभियुक्तों को पकड़ने का आश्वासन दिया तथा पीडित परिवार को शासन की और से आर्थिक मदद और सुरक्षा दिलाने का भी आश्वासन दिया। कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल भी पीडित परिवार से मिला जिन्होंने परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व 50 लाख रूपये की आर्थिक मदद और शस्त्र लाइसेन्स दिलाये जाने के सथ दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की मांग की, लेकिन बड़े अवशोष के साथ हम लोग आपको अवगत करा रहे हैं कि अभी तक शासन / प्रशासन से कोई मदद पीडित परिवार को नहीं मिली है। इसके विपरीत गाँव के व पीडित परिवार से हम दर्दी रखने वाले लोगों के विरूद्ध झूठी रिपोर्ट 300 लोगों के खिलाफ पुलिस ने लिख ली है उसे भी समाप्त नहीं किया है। हम आपसे इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करते है कि लोकतान्त्रिक ढंग से अपनी बात कहने का सभी को हक है। अत: गाँव के लोगों के खिलाफ धरना व जाम आदि की गलत रिपोर्ट समाप्त कराई जाकर पीडित परिवार को एक सप्ताह के अन्दर न्याय दिलाते हुए आर्थिक मदद दिलाएं और दोषी व्यक्तियों को जेल भिजवायें अन्यथा छात्र एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी सड़को पर आकर लोकतात्रिक ढंग से विरोध / प्रदर्शन व आन्दोलन करने को वाध्य होगे। ज्ञापन देने वालो मे ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, आकाश तिवारी जिला अध्यक्ष एन एस यू आई ,मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट पीसीसी, मोहम्मद तस्बबूर जिला अध्यक्ष शोशल मीडिया ,दिनेश चंद्र यादव,जीतेन्द्र राना, वसीम सलमान जिला अध्यक्ष अलपसंख्य विभाग , उमेश चंद्र राजपूत जिला अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ कांग्रेस,सुभाष सागर एडवोकेट पूर्व सभासद, मधुर कान्त कश्यप,अमन गुप्ता,ताहिर अहमद ,अनुज कुमार संत कार्यवाहक शहर अध्यक्ष हाथरस,सनी यादव,आनंद बघेल,अति शर्मा,भीम उपाध्याय,विवेक कुमार,अति पंडित,आशीष गुप्ता,ओम चौहान,आशीष गुप्ता,आकाश शर्मा,बंशु सक्सेना,कुल्लू भाई,इशू कुमार,अंश भाई,आयुष कुमार,प्रियांशू, हैप्पी,रोहित कुमार,रिषभ, आशू,रोहित कुमार आदि

# इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के साथ मारपीट

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के साथ मारपीट कर दी। उससे इमरजेंसी स्टाफ में आक्रोश व्याप्त हो गया। पीड़ित चिकित्सक ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई करने को मांग की है। कोतवाली नगर में दी तहरीर में मेडिकल कालेज इमरजेंसी में कार्यरत डॉ. शिवप्रताप यादव ने बताया कि रात्रि दस बजे वह मरीज देख रहे थे। इसी समय अबंतीबाई नगर निवासी मनोज शाक्य ने इमरजेंसी में आकर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज करना शुरू कर दी।आरोप है कि जान से मारने की धमकी देते हुए उनका मोबाइल छींनकर ले गया, जिससे उनको मरीज का इलाज करने में दिक्कत हो रही है। घटना के साक्ष्य के रूप में उनके पास आरोपी का मारपीट का वीडियो मौजूद है। अभियोग दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। रात्रि में हुई घटना से इमरजेंसी स्टाफ में आक्रोश व्याप्त है। मेडिकल कालेज चिकित्सकों के साथ हो रही घटना एटा। मेडिकल कालेज में कार्यरत चिकित्सकों के साथ लगातार घटना हो रही है। करीब तीन-चार दिन पूर्व ही सिरांव स्थित मेडिकल कालेज से आते समय एक चिकित्सक की कार को ओवरटेक करके लोगों ने मारपीट की थी। मारपीट करने के साथ ही उनका मोबाइल भी छीनकर ले गये थे। इस घटना की कोतवाली देहात में तहरीर दी गई।

# गोवंशों के कारण वाहन दुर्घटनाएं हो रही हैं,दुर्घटना के शिकार लोग



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-मुख्य मार्गों और हाइवे पर आए दिन गोवंशों के कारण वाहन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटना के शिकार लोग बिस्तर पर कई दिन से कई महीनों तक गुजार रहे हैं। पॉश कॉलोनियों में रहने वाले बच्चों का बाहर खेलना बंद हो गया है। अधिकांश बुजुर्गों ने मार्गों, पार्क में टहलना बंद कर दिया है। अवारा पशुओं से पीड़ित लोगों ने अलग-अलग ढंग से अपना दर्द बयां किया है। व्हाट्सएप पर लोगों ने शहर में घूम रहे छुट्टा सांड के फोटो खींचकर शिकायतें भेजी हैं। इसमें मुख्य रुप से जीटी रोड, निधौली रोड, अलीगंज रोड, शीतलपुर, अरूणा नगर, गल्ला मंडी परिसर सहित हाइवे एवं सर्विस रोड पर बैठे आवारा जानवरों की शिकायत दर्ज कराई गई है। सकीट, अवागढ़, जैथरा, अलीगंज में आवारा पशुओं के आतंक से परेशान लोगों ने अपनी आप बीती बताई है। इन स्थानों पर आवारा पशुओं का ठिकाना एटा। कासगंज रोड पर रेलवे रोड मोड, रेलवे पुल एवं रेलवे अंडरपास, शहीद पार्क, सुनहरी नगर पार्क के बाहर आवारा पशुओं का ठिकाना बना हुआ है। पूरे दिन आवारा पशु यहां बैठे रहते हैं। इस स्थानों के लोगों ने फोटो सहित आवारा पशुओं से परेशानी बताई है।

# जिलाधिकारी एटा के फर्जी हस्ताक्षर कर, बैंक खाते में जमा 35,50,000 रुपए नियमानुसार किए ( कुर्क )

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

एटा-न्याय सहायक द्वितीय कलेक्ट्रेट एटा श्री आनंद कुमार शर्मा द्वारा थाना कोतवाली नगर एटा पर सूचना दी गई की दिनांक 20.7.2023 को लेखा शीर्षक 8448001020500 में पूर्व विधायक अलीगंज के रामेश्वर सिंह यादव के नाम से चालान के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में 35,50,000 ( 35लाख 50 हजार रुपए ) जमा किए गए है, जिस पर जिलाधिकारी एटा महोदय की मोहर लगाते हुए फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रकरण में प्राप्त सूचना पर थाना कोतवाली नगर एटा पर मुअस-593/ 2023 धारा 420 467, 468, 471, 120 बी भादवि बनाम राजू ( विधायक श्री रामेश्वर सिंह यादव का नौकर ) एवं एक अज्ञात पंजीकृत किया गया। प्रकरण में भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर उपरोक्त धनराशि को नियानुसार जब्त ( कुर्क ) किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विभिन्न शिक्षक समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह जी से भेंट की गयी



क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह

बरेली-उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली के तत्वावधान में प्रांतीय उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष,बरेली श्री नरेश गंगवार जी के नेतृत्व में विभिन्न शिक्षक समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह जी से भेंट की गयी. विभिन्न शिक्षक समस्याओ में अंतर्जनपदीय शिक्षकों के दो माह पश्चात् भी वेतन सम्बन्धी विलंवता,अंतिम भुगतान पर्ची ( LPC ) बिषयक विभिन्न समस्याएं,दोनों धार्मिक पर्वो यथा जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम के दिवस पर अव्यवहारिक रूप से विशेष विद्यालयी गतिविधियों हेतु विद्यालय खोले जाने हेतु ( जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय के माध्यम से महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशालय ) आदि सम्मलित रहे. इस दौरान उपस्थित रहने वालो में ललित गंगवार अध्यक्ष मझगवां, अनिल कुमार सिंह ( मंत्री मझगवां ),डॉ.यूनुस( मंत्री भुता ),मनोज गंगवार ( अध्यक्ष दमखोदा ),तपन सिंह मौर्य मंत्री दमखोदा ),विजेंद्र गुर्जर ( अध्यक्ष भोजीपुरा ),पंकज सिंह ( कोषाध्यक्ष दमखोदा ),मोर किशोर मौर्य ( उपाध्यक्ष दमखोदा ),शकील अहमद, अशोक गुर्जर,प्रियंका भास्कर, गीता,पुष्पलता,सविता, डॉ रैना पाल, मीनाक्षी, निधि आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# बीसलपुर बांसुरी निधि लिमिटेड के चेयरमैन ने अपनी गैंग बनाकर पूर्व में लोगों से की ठगी

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह

